दैनिक
जनता की आवाज
# मीडिया फॉर यू
प्रकाशन के 09 वर्ष
RNI: UPHIN/2015/65169
रविवार 08 दिसम्बर 2024
वर्ष: 09, अंक: 317
पृष्ट: 04 मूल्य: 02 रुपया
गाजियाबाद से प्रकाशित हापुड़ ❖ मेरठ ❖ शामली ❖ मुजफ्फरनगर ❖ बागपत ❖ सहारनपुर ❖ बिजनौर ❖ दिल्ली एनसीआर में प्रसारित
Email:- m4unews@gmail.com 8445657566



प्रतिदिन प्रतिबंधित पेड़ों की... 4

## अधिवक्ताओं ने एडीएम को ज्ञापन देकर गिरफ्तारी की मांग की

**मीडिया फॉर यू देवीपाटन मंडल प्रभारी निसार अहमद उस्मानी**

**उतरौला (बलरामपुर)** अधिकारियों के नाम पर घूस मांगने वाले सभासद पति द्वारा अधिवक्ता के बारे में की गई आपत्तिजनक टिप्पणी से नाराज अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन की अगुवाई में एडीएम प्रदीप कुमार से मिलकर घूस मांगने के आरोपी सभासद पति ऐमन रिजवी के गिरफ्तारी की मांग की है। बार संघ को दिए गए लिखित सूचना में पीड़ित अधिवक्ता आशीष कसौधन ने बताया कि घूस मांगने के आरोपी सभासद पति ऐमन रिजवी द्वारा गुरुवार की रात में उतरौला विकास समिति के नाम से संचालित एक व्हाट्सएप ग्रुप में मेरे बारे में अपमानजनक व असहनीय टिप्पणी करके एक रिकॉर्डेड ऑडियो भेजा गया। जिसमें मेरे विधि व्यवसाय पर भी आपत्तिजनक व अपमानित करने वाली टिप्पणी की गई है। बार संघ को सूचना मिलने पर नाराज अधिवक्ताओं ने अध्यक्ष प्रहलाद यादव के अगुवाई में एडीएम प्रदीप कुमार से मिलकर ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओं ने एडीएम से पूर्व में तहसीलदार द्वारा दर्ज करायें गए मुकदमे में आरोपी ऐमन रिजवी के गिरफ्तारी की मांग की गई। मांग है कि यदि आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया तो वह इसी तरह का ऑडियो वीडियो वायरल करके तहसील की शांति व्यवस्था को बिगाड़ सकता है। वकीलों ने चेतावनी दी है कि यह आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई तो अधिवक्ता आंदोलन करने को बाध्य होंगे। एडीएम प्रदीप कुमार ने बताया कि जांच सी ओ राघवेन्द्र सिंह दिया गया जांच कर कार्यवाही की जायेगी इस मौके पर अमित श्रीवास्तव महामंत्री, मार्कण्डेय मिश्रा, राजन श्रीवास्तव, अखिलेश सिंह, राम सिंह, अखिल श्रीवास्तव, विनीश गुप्ता, दीपक गुप्ता, सर्वेश जयसवाल, सुमित श्रीवास्तव, बृजेश वर्मा, निजामुद्दीन अंसारी, शहबाज फजल खान, प्रवेश गुप्ता, मौजूद रहे!

# सबको जोड़ने की ताकत रखती है भारतीयता और सनातन: योगी



**वाराणसी:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पीएम मोदी जी कहते हैं कि हर काम देश के नाम होना चाहिए। देश सुरक्षित है तो धर्म भी सुरक्षित है। धर्म सुरक्षित है तो हम भी सुरक्षित हैं, इसलिए जो भी कार्य हो, वह व्यक्ति, समाज, मत-मजहब के दायरे से ऊपर उठकर सनातन धर्म के मूल्यों के अनुरूप भारत की वैदिक-आध्यात्मिक परंपरा का अनुसरण करते हुए देश के नाम होना चाहिए। भारतीयता और सनातन सबको जोड़ने की ताकत रखता है। महामंदिर धाम में आयोजित विहंगम योग संत समाज की स्थापना के शताब्दी समारोह महोत्सव में शामिल हुए। 25000 कुंडीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ का भी आयोजन किया गया है। लाखों लोगों के होने के बावजूद यहां की सुचारू व्यवस्था की सीएम योगी ने तारीफ की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 1888 में बलिया के छोटे से गांव में सद्गुरु सदाफल देव महाराज का अवतरण हुआ। उन्होंने 1924 में विहंगम योग संत समाज की स्थापना की। जब समाज शताब्दी समारोह कार्यक्रम के साथ जुड़ रहा है, तब हम भी इसके साक्षी बन रहे हैं। हम सभी को संत की यौगिक साधना का प्रसाद प्राप्त हो रहा है। विहंगम योग संत समाज स्वर्वेद महामंदिर ट्रस्ट के माध्यम से दिव्य-भव्य मंदिर बनाकर कोटि-कोटि श्रद्धालुजनों को अपने पुरुषार्थ के माध्यम से जोड़ने के साथ ही भारत की योग परंपरा व आध्यात्मिक धारा को जन-जन तक पहुंचाने को कृतसंकल्पित दिख रहा है। सीएम योगी ने कहा कि सद्गुरु सदाफल देव महाराज ने आध्यात्मिक अभियान को आगे बढ़ाया और यह भी बताया कि सच्चा योगी-संत देश व समाज की परिस्थितियों को देखकर हाथ पर हाथ रखकर बैठा नहीं रह सकता। देश जब गुलामी की बेड़ियों से जकड़ा था, तब सद्गुरु सदाफल देव जी महाराज ने अपनी आध्यात्मिक साधना के साथ विदेशी दासता से मुक्त कराने के लिए आजादी के आंदोलन में भाग लेकर बैरकपुर से देश के प्रथम स्वातंत्र्य समर के शंखनाद के साथ खुद को जोड़ा था।

## संक्षिप्त समाचार

### अन्य पिछड़े वर्ग के गरीब व्यक्ति शादी अनुदान योजना के लिए करे आवेदन

**मीडिया फॉर यू देवीपाटन मंडल प्रभारी निसार अहमद उस्मानी**

**बलरामपुर,** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा अन्य पिछड़े वर्ग ( अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर ) के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी हेतु शादी अनुदान योजना संचालित हैं। जिसमें की एक परिवार में अधिकतम 02 पुत्रियों की शादी हेतु 20 हजार रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती हैं। योजना में आवेदन के लिए आवेदक उ०प्र० का मूल निवासी हो तथा आवेदक की वार्षिक आय शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र हेतु रु० 1,00,000.00 (एक लाख वार्षिक से अधिक न हो)। शादी की तिथि को पुत्री की आयु 18 वर्ष तथा वर की आयु 21 वर्ष होनी आवश्यक है। आवेदक का मोबाईल नं० आधार से लिंक होना आवश्यक है। आवेदक शादी अनुदान के लिये विभागीय वेबसाईट shadianudan.upsdc.gov.in पर शादी की तिथि से 90 दिन पूर्व तथा 90 दिन बाद तक उसी वित्तीय वर्ष में भर सकता है। सबमिट आवेदन के प्रिंट आउट के साथ आय, जाति, आधार, बैंक खाते का विवरण एवं वर एवं कन्या का आयु प्रमाण पत्र, शादी कार्ड आदि संलग्न कर सम्बन्धित विकास खण्ड/तहसील में जमा कर सकता है। ग्रामीण क्षेत्र के आवेदनों का सत्यापन खण्ड विकास अधिकारी एवं शहरी क्षेत्र के आवेदनों का सत्यापन उपजिलाधिकारी के स्तर से किया जाता है!

### मुजफ्फरनगर होने वाले संत निरंकारी समागम स्थल पर पहुंचकर मंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया



**मीडिया फॉर यू, मुजफ्फरनगर भारतवीर प्रजापति**

मुजफ्फरनगर महावीर चौक स्थित राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में सतगुरू माता सुदीक्षा महाराज की उपस्थिति में एक विशाल संत समागम का आयोजन किया जाएगा जिसमें देश भर से करीब दस हजार श्रद्धालु भाग लेंगे। इस विशाल समागम की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के लिए नगर विधायक एवं उत्तर प्रदेश सरकार में व्यवसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग के स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिल देव अग्रवाल समागम स्थल पर पहुंचे उन्होंने मौके पर उपस्थित सेवादारों से सभी व्यवस्थाओं और तैयारियों की जानकारी प्राप्त की। मंत्री कपिल देव ने कहा कि ऐसे संत समागम देश को एकजुट होकर राष्ट्र की उन्नति और विकास की हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत बनाते हैं। मंत्री कपिल देव ने कहा कि साधु-संतों, गुरूओं की शिक्षा हमारे सामाजिक जीवन को एक नई दिशा प्रदान करते हैं और हमें सद्भाव, शांति और विकास के पथ पर चलने को प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर सेवादल मेंबर इंचार्ज एसके जुनेजा, जोनल इंचार्ज कुलभूषण, क्षेत्रीय संचालक संजीव कुमार, जिला संयोजक हरीश अरोरा, संचालक नवीन कुमार, शिक्षक दीपक त्यागी, कपिल त्यागी, ब्रह्मपाल सिंह, अनुपम त्यागी, अरविंद कुमार चौधरी, आशीष कुमार, सोनू, धनप्रकाश, कंवर पाल, सत्यपाल आदि मौजूद रहे।

## एसआरएम आईएसटी दिल्ली एनसीआर केंपस में माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ





**मीडिया फॉर यू**

**मोदीनगर।** एसआरएम आईएसटी दिल्ली एनसीआर केंपस के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग द्वारा माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग पर आयोजित दो दिवसीय आठवें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का भव्य शुभारंभ किया गया। अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) रंजना झा ( कुलपति इंदिरा गांधी दिल्ली टेक्निकल यूनिवर्सिटी फॉर वूमेन), प्रो. मिलन टुबा (प्रमुख, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रोजेक्ट सिंगिडुनम यूनिवर्सिटी, बेलग्रेड, सर्बिया रिसर्च के वाइस-रेक्टर सिनर्जिजा यूनिवर्सिटी, बिजेलजिना, बीएचएच), डॉ. अमलेंदु पटनायक (प्रोफेसर आईआई टी रुड़की), डॉ नसीमुद्दीन (प्रिंसिपल साइंटिस्ट इंस्टीट्यूट फॉर इन्फोकॉम रिसर्च (ए*स्टार) सिंगापुर), सुश्री पूजा नारंग (सिस्टम प्रशासक इंटरनेट एन जेड, न्यूजीलैंड), शिक्षण संस्थान के निदेशक डॉ संजय विश्वनाथन, डीन डॉ आर पी महापात्रा, डीन साइंसेस एंड ह्यूमैनिटिज डॉ नवीन अहलावत, डीन मैनेजमेंट स्टडीज, डॉ एन एम मिश्रा, डीन आईक्युएसी डॉ धोम्या भट्ट एवं विभाग अध्यक्ष डॉ रूपाली सिंह ने दीप प्रज्वलित कर एवं सरस्वती वंदना के साथ किया। इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग की विभाग अध्यक्ष डॉ. रूपाली सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में 150 से अधिक रिसर्च पेपर आए थे जिसमें से कुल 50 पेपर सिलेक्ट किए गए। संस्थान के डीन डॉ आर पी महापात्रा ने माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के महत्व के बारे में बताया एवं जानकारी दी कि दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में देश और विदेश से आए हुए सभी अतिथि, छात्र एवं छात्राएं विभिन्न क्षेत्रों जैसे इमेज प्रोसेसिंग, माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स, क्लाउड कंप्यूटिंग ,डाटा साइंस, सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी आदि में अपने विचार साझा करेंगे। मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) रंजना झा ने नई-नई तकनीक के बारे में जानकारी दी एवं बताया कि किसी भी देश को विकसित होने के लिए नई-नई तकनीकी सिखाना बहुत जरूरी है। डॉ. अमलेंदु पटनायक ने एंटीना डिजाइनिंग के बारे में छात्रों एवं छात्राओं को जानकारी दी। डॉ नसीमुद्दीन ने बताया की किस तरह हम एंटीना डिजाइन करके रूरल एरिया को भी अच्छी दूरसंचार सेवा दे सकते हैं। सुश्री पूजा नारंग ने इंटरनेट की उपयोगिता के बारे में बताया और इंटरनेट के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉ सप्तऋषि गुप्ता ने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन मे आये सभी अतिथियों, संस्थान के निर्देशक, डीन, सभी विभाग के विभाग अध्यक्ष, फैकल्टी मेंबर, प्रतिभागी एवं छात्र-छात्राओं का प्रोग्राम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया।

## हिन्दू युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष ने क्षेत्र में किया भ्रमण



**मीडिया फॉर यू, बबलू सागर**

**आंवला।** युवाओं के बीच अच्छी खासी लोकप्रियता रखने वाले हिन्दू युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष सिद्धराज सिंह ने अपने युवा साथियों के साथ भ्रमण कर अपनों का हाल चाल जाना। क्षेत्र की राजनिति में एक अलग ही वर्चस्व रखने वाले पूर्व सांसद कुंवर सर्वराज सिंह के बेटे युवाओं के बीच खास लोकप्रियता रखने वाले कुंवर सिद्धराज सिंह अपने बेबाक अंदाज के लिये जाने जाते है यही बजह है कि हर वर्ग के युवाओं का उसने अलग ही लगाव है। श्री भगवान स्वरुप शर्मा जी के प्रतिष्ठान पर पहुंचकर जताया शोक अपने युवा साथियों के साथ भ्रमण के दौरान कुंवर सिद्धराज सिंह ने मोहल्ला लठैता निवासी दिंवगत पंण्डित भगवान स्वरुप शर्मा जी के तहसील के समीप प्रतिष्ठान ओउम स्पेलर पर पहुंचकर उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया।। प्रतिष्ठान पर मौजूद श्री भगवान स्वरुप शर्मा जी के छोटे पुत्र विशाल शर्मा से मिलकर हर परिस्थिति में उनके साथ खडे रहने की बात भी कही। इस दौरान उनके साथ राजा गुप्ता, रवि सिंह, मोहित चौहान, विपिन सिंह, पुष्पराज सिंह, विक्की सोलंकी, राहुल चौहान, इस्पेन्द्र यादव, सिबू अंसारी आदि बडी संख्या में युवा साथ रहे।


## परिवार में जमीन विवाद में चले लाठी डंडे, एक गंभीर रूप से घायल



**मीडिया फॉर यू**

**गंगोह (सहारनपुर)। काजी शाहिद अहमद**

कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बुड्डाखेड़ा में जमीन विवाद में परिवार के ही लोगो में झगड़े में लाठी डंडे चले।जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।जिसको जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शनिवार को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बुड्डाखेड़ा निवासी यशोदास सैनी ने बताया की हमारे खेतो में रठान की जमीन पर परिवार के साथ विवाद है। जिसकी हमने नकुड़ तहसील में शिकायत की हुई है। तथा उस पर अभी कोई निर्णय नही आया है।परंतु हमारे परिवार के लोग उस जमीन पर पानी की नाली बनाकर कब्जा करना चाहते है। जिस पर कई बार पुलिस भी मौके पर आकर दोनों पक्षों को समझाकर गई है। मगर बीती रात्रि में हमारे विपक्षियों ने नाली बनाकर रठान की जमीन से फिर पानी चलाया। सुबह पता चलने पर जब उन्हें इसके लिए कहा गया तो वे भड़क गए। और भाई रामदास सैनी पर चार लोगों ने मिलकर ईंट व लाठी से हमला कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोट आई हैं। तथा उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल रामदास सैनी की और से चार लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। वहीं इस मामले पर कोतवाली प्रभारी रोजन्त त्यागी ने बताया की अभी तहरीर नही मिली है, झगड़ा हुआ था जिसमें एक व्यक्ति को मेडिकल के लिए भेज दिया था, पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## बाबासाहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर पार्क अलीगंज का जल्द जीर्णोद्धार करायें सांसद नीरज मौर्या: महन्त विजयदेवनाथ महाराज

>> जल्द कार्य न कराये जाने पर महन्त योगी विजयदेवनाथ महाराज ने सांसद के विरुद्ध अनशन की दी चेतावनी



**मीडिया फॉर यू, बबलू सागर**

**आंवला/बरेली।** शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान योगी कल्याण सामाजिक समिति के संरक्षक बाबा योगी विजयदेवनाथ महाराज ने एक ज्ञापन सौंपा।

दिये गये ज्ञापन में योगी विजयदेवनाथ महाराज ने कहा आंवला विधानसभा के ग्राम अलीगंज में चुनाव के दौरान सांसद नीरज मौर्या द्वारा अपने भाषणों / सम्बोधनों में बार-बार कहा गया था कि संविधान खतरे में है इसको बचाने के लिए मुझे वोट दो साथ ही भाषण के दौरान मंच से यह भी वादा किया था कि चुनाव जीतने के बाद ग्राम अलीगंज में उनके द्वारा संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर पार्क अलीगंज में लाईट, प्रांगण में इण्टर लॉकिंग टाइल्स, रंगाई, पुताई सहित दो कमरों के साथ जीणोर्धार का कार्य अपनी सांसद निधि से करवायेंगे। साथ-साथ ग्राम वेहटा वुजुर्ग में बाबा साहब की प्रतिमा अपने निजी स्त्रोतों से स्थापित करवायेंगे। परन्तु लगभग 06 माह बीत जाने के बाद अभी तक उक्त दोनों ग्रामों में उक्त दोनों कार्य प्रारम्भ भी किये गये हैं। और न ही पूरी विधानसभा में कोई विकास कार्य प्रारम्भ हुआ है। आगे महन्त योगी विजय देव नाथ महाराज ने कहा कि सांसद नीरज मौर्या आंवला विधानसभा के साथ-साथ सम्पूर्ण लोकसभा आंवला में किए गए वायदों को जल्द पूरा करें कर दें, जिससे उनके संगठन के साथ साथ आंवला लोकसभा की जनता का विश्वास बना रहे। यदि जल्द से जल्द कोई निर्णय नहीं लिए गया तो आने वाली दिनांक 30.12.2024 से वे सांसद नीरज मौर्या के विरूद्ध ग्राम अलीगंज के अम्बेडकर पार्क में अनशन पर खड़े हो जाएंगे। और जब तक उक्त कार्य पूर्ण नहीं हो जाते तब तक नहीं हटेंगे। साथ ही महन्त बाबा ने चेतावनी दी कि जब तक उनके शरीर में प्राण रहेगें तब तक वे नहीं हटेंगे। आगे बाबा योगी विजयदेवनाथ महाराज ने कहा लोकसभा चुनाव में मेरे संगठन ने ईमानदारी व मेहनत से सत्ता के सांसद के विरूद्ध अभियान चलाकर सांसद नीरज मौर्या को चुनाव जिताया था।

## निर्माणधीन मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय का मंडलायुक्त देवीपाटन मंडल एवं डीएम ने किया निरीक्षण



**मीडिया फॉर यू देवीपाटन मंडल प्रभारी निसार अहमद उस्मानी**

**बलरामपुर ,** मंडलायुक्त देवीपाटन मंडल शशिभूषण लाल सुशील एवं डीएम पवन अग्रवाल द्वारा निर्माणधीन मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान मंडलायुक्त एवं डीएम ने सभी ब्लॉक के कार्य में तेजी लाए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि श्रमिकों की संख्या बढ़ाते हुए कार्य में तेजी लाए। इस दौरान उन्होंने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता परखी एवं समयबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने 132 केवी की विद्युत लाइन को भी हटाने की कार्यवाही में तेजी लाए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान डीआईजी देवीपाटन मंडल, सीडीओ श्री हिमांशु गुप्त, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रमोद कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

08 DEC 2024 M4U:Layout 1 07-Dec-24 7:08 PM Page 2



## सम्पादकीय

# फडणवीस सत्ताधीश

आखिरकार अनिश्चय व अटकलों पर विराम लगाते हुए गुरुवार को भाजपा के दिग्गज नेता देवेंद्र फडणवीस ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली। सत्ता का खेल देखिए पिछली पारी में फडणवीस मुख्यमंत्री बनने के बाद सरकार में उपमुख्यमंत्री बने थे, वहीं इस बार पिछली बार के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे उपमुख्यमंत्री बने हैं। सत्ता का आंकड़ा पक्ष में न होते हुए भी शिंदे अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं पर विराम नहीं लगा पाए। तभी नवंबर में स्पष्ट बहुमत हासिल करने वाले महायुति गठबंधन को दिसंबर में सरकार बनानी पड़ी। चुनाव में तय हुए राजनीतिक कद से इतर शिंदे ज्यादा हासिल करने के प्रयास में सिर्फ शपथ ग्रहण समारोह को आगे ही बढ़ा सके। लेकिन दीवार पर लिखी इबारत स्पष्ट थी कि महायुति की प्रचंड जीत में शिवसेना का शिंदे गुट भाजपा की सीटों के मुकाबले आधी सीटें भी हासिल नहीं कर पाया। फिर भी उनके समर्थक आस लगा रहे थे कि बिहार की तर्ज पर भाजपा फैसला लेगी, जिसमें भाजपा द्वारा ज्यादा सीटें हासिल करने पर भी नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाया था। लेकिन कुछ इंतजार के बाद भाजपा ने एकनाथ शिंदे को बता दिया कि सरकार के नाथ फडणवीस ही होंगे। जाहिर है भाजपा ने राजनीतिक चतुराई से महाराष्ट्र की राजनीति को संचालित करने वाली शिवसेना व राष्ट्रवादी कांग्रेस में विभाजन का लाभ उठाकर खुद को मजबूत स्थिति में ला दिया है। वहीं अपने सहयोगियों को ऐसी स्थिति में ला दिया है कि सत्ता की चाबी किसी एक के हाथ में न रह सके। निस्संदेह, आज देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में भाजपा ने महाराष्ट्र की राजनीति में अपनी जमीन मजबूत कर ली है। बहरहाल, हकीकत यही है कि फडणवीस महाराष्ट्र में तीसरी बार मुख्यमंत्री बन गए हैं। लेकिन इस बार उनके सामने पहले से ज्यादा चुनौतियां खड़ी हैं। मुख्यमंत्री के रूप में उनका पहला कार्यकाल अच्छा माना जाता है। राज्य के लोग उनकी सरकार द्वारा किए गए कार्यों को याद करते हैं। हालांकि, फडणवीस जब पहली बार मुख्यमंत्री बने थे तो उनके पास राज्य में प्रशासन चलाने का अनुभव नहीं था। लेकिन उन्होंने बखूबी सरकार चलायी। मगर पिछली बार भी राज्य में सबसे बड़ी पार्टी होने के बावजूद उद्धव ठाकरे की राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के चलते वे मुख्यमंत्री बनने से वंचित रह गए। बल्कि कालांतर उन्हें उपमुख्यमंत्री का पद संभालना पड़ा। लेकिन उन्होंने भाजपा आलाकमान के फैसले को सहजता से स्वीकार किया। जिसका लाभ उन्हें इस बार मिला, जब पार्टी नेतृत्व ने उन्हें प्राकृतिक रूप से मुख्यमंत्री पद का दावेदार माना। उनकी सफलता के पीछे पहले कार्यकाल में हुए महत्वपूर्ण कार्य भी रहे हैं। जिसमें किसानों के जल संकट को दूर करने वाली जलयुक्त शिविर योजना, मुंबई-नागपुर को जोड़ने वाली पचपन हजार करोड़ की एक्सप्रेस परियोजना व मेट्रो नेटवर्क के विस्तार से भाजपा के जनाधार को बढ़ाने वाला बताया जाता है। लेकिन आज राज्य की आर्थिक स्थिति संतोषजनक नहीं रही। राजकोषीय घाटे को लेकर चिंताएं हैं। बेरोजगारी बड़ी समस्या है। पूंजीगत खर्चों में कमी आई है तो राजस्व भी घटा है। वहीं आने वाले दिनों में मराठा आरक्षण का जिन्न बोतल से बाहर आ सकता है। हालिया विधानसभा चुनाव में जमीन खिसकने से आहत मराठा क्षत्रप इस मुहिम को हवा दे सकते हैं। वहीं ओबीसी वर्ग को फिक्र है कि कहीं उनके हिस्से का आरक्षण मराठाओं को न दे दिया जाए। महायुति गठबंधन ने मराठा आंदोलनकारियों को राहत देने का आश्वासन दिया है। उम्मीद है कि फडणवीस सरकार में शामिल दो मराठा क्षत्रप शिंदे व पवार संकटमोचक की भूमिका निभा सकते हैं। वैसे इस मुद्दे पर अदालत की भी बड़ी भूमिका होगी। फडणवीस सरकार के सामने चुनौती होगी कि हालिया विधानसभा चुनाव में गेमचेंजर बतायी जा रही ह्यलाडकी बहिनाह्ण योजना के तहत बढ़ाकर दी जाने वाली बड़ी धनराशि के लिये वित्तीय संसाधन सरकार कैसे जुटाती है। चुनावी वायदे के अनुसार लक्षित महिला समूह को अब पंद्रह सौ के बजाय 2100 रुपये की राशि दी जानी है। वह भी तब जब राज्य के वित्तीय संसाधन सिमटे हैं। वहीं कृषि उत्पादों के पर्याप्त दाम न मिलने से किसानों में खासा रोष व्याप्त है।

इन चुनौतियों का मुकाबला फडणवीस सरकार की प्राथमिकता होगी।

# बॉलीवुड अभिनेत्री और मिस वर्ल्ड टूरिज्म, इशिका तनेजा देवकी नंदन ठाकुर सनातन धर्म संसद में हिंदू युवाओं और महिलाओं के लिए खड़ी हुई

## इशिका तनेजाः उत्कृष्टता, सशक्तिकरण और आध्यात्मिक जागृति की यात्रा, सफलता और उद्देश्य से प्रेरित जीवन

**मीडिया फॉर यू, गाजियाबाद : रविंद्र आर्य**

आज, बॉलीवुड अभिनेत्री इशिका तनेजा को स्टारडम की जगमगाती दुनिया से अब महिलाओं और युवाओं के हिंदुत्व अधिकारों को सक्रिय रूप से बढ़ावा देते हुए और शंकराचार्य के साथ दिल्ली में प्रतिष्ठित सनातन बोर्ड संसद में राष्ट्र की आवाज बनते हुए देखना हर हिंदू के दिल को खुशी और गर्व से भर देता है। इशिका तनेजा एक सच्ची प्रतिभा और इतनी कम उम्र में बॉलीवुड स्टार हैं। स्ट्रेटेजिक मैनेजमेंट में लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स की इस पूर्व छात्रा ने वह सब हासिल किया है, जिसके बारे में ज्यादातर लोग सपने में भी नहीं सोच सकते गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड 2014 जीतने से लेकर, मलेशिया में मिस वर्ल्ड टूरिज्म 2017 का ताज पहनने तक, 26 जनवरी 2015 को हमारे माननीय राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी से "भारत की 100 सफल महिलाएँ" का प्रतिष्ठित राष्ट्रपति सम्मान प्राप्त करना, गणतंत्र दिवस उनकी कुछ उपलब्धियाँ हैं।



विक्रम भट्ट की "हद" और मधुर भंडारकर की "इंदु सरकार" जैसी फिल्मों में बप्पी लहरी के साथ मुख्य नायिका के रूप में सिल्वर स्क्रीन पर छा जाने से लेकर, वेव्स सिनेमा के तहत अर्जुन रामपाल और रणदीप हुड्डा जैसे मशहूर अभिनेताओं के साथ चल रही फि ल्मों की शूटिंग तक, टी-सीरीज, जसबीर जस्सी और दिल संधू के साथ उनके रिकॉर्ड तोड़ने वाले गानों तक, उन्होंने एक बहुमुखी कलाकार के रूप में अपनी प्रतिष्ठा को और मजबूत किया है और साबित किया है कि इशिका की प्रतिभा की कोई सीमा नहीं है।

अपने ग्लैमरस और सफल करियर के बावजूद, इशिका ने बहुत कम उम्र से ही आध्यात्मिक जागृति की ओर यात्रा शुरू कर दी थी। उनकी आत्मा हमेशा से ही आध्यात्मिकता से गहराई से जुड़ी रही है, देहरादून के पहाड़ों में विपश्यना के महान मौन में शांति पाने से लेकर श्री श्री रविशंकर की आर्ट ऑफ लिविंग, ब्रह्माकुमारीज और लैंडमार्क फोरम से ज्ञान प्राप्त करने तक। गणपति के साथ इशिका का बंधन वास्तव में दिव्य है, पिछले छह वर्षों से गणेश चतुर्थी का उनका उत्सव पूरे फि ल्म जगत में मशहूर है, जो सनातन धर्म के प्रति उनके सच्चे समर्पण और प्रेम को दर्शाता है। गीता के गहन श्लोकों ने स्कूल के दिनों से ही उनका मार्गदर्शन किया है, जो उनके जीवंत हिंदुत्व भावों में स्पष्ट रूप से दिखाई देने वाले प्राचीन ज्ञान को समाहित करते हैं।

फि ल्मों से सनातन धर्म संसद तक का सफर

ऐसा लगता है कि इशिका तनेजा की देवकीनंदन ठाकुर से मुलाकात महज एक संयोग नहीं थी- यह एक नियतिपूर्ण घटना थी।

जब इशिका ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड हासिल किया, तो उन्होंने इसे निर्भया को समर्पित किया और अन्य बलात्कार पीड़ितों और एसिड अटैक सर्वाइवर्स की मदद करने के लिए अथक प्रयास किया। उनके प्रयासों ने अनगिनत महिलाओं को सशक्त बनाया, उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रपति पद की मान्यता दिलाई और दुनिया भर में आशा और शक्ति का संचार किया।

सरकारी पहलों का समर्थन करते हुए उनकी करुणा बेबाक तरीके से बहती है,अहिंसा सिल्क और खादी को बढ़ावा देने के लिए कपड़ा मंत्रालय के राजदूत के रूप में काम करती है, गाँव के बुनकरों को आवाज देती है। 2019 में मंत्री अनुराग ठाकुर के तहत भारत के अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में मिस वर्ल्ड टूरिज्म के रूप में प्रतिनिधित्व करते हुए, उन्होंने भारत मंडपम में पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत द्वारा भारत उत्कृष्टता पुरस्कार 2024 भी प्राप्त किया। मध्य प्रदेश पर्यटन के साथ उनका निरंतर काम, "स्वच्छ भारत अभियान", "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" और अतुल्य भारत जैसी पहल, साथ ही कई वर्षों से बीएसएफ परिवारों को प्रेरित करना और आईआईएम नागपुर में युवाओं को संबोधित करना, उनके समर्पण को दर्शाता है क्योंकि उन्होंने कैबिनेट मंत्री नितिन गडकरी, देवेंद्र फड़नवीस और सेनाध्यक्ष के साथ मिलकर 5 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था की वकालत की।

उनका प्रभाव अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तब फैला जब उन्हें यूके की संसद के हाउस ऑफ लॉर्ड्स और भारत के विदेश मंत्रालय स्वदेशी सम्मान 2024 द्वारा युवा और पर्यटन के लिए विश्व राजदूत के रूप में मान्यता दी गई। उन्होंने केन्या फिल्म फेस्टिवल में भारत के फिल्म उद्योग का प्रतिनिधित्व किया और 2018 में अबू धाबी टी10 क्रिकेट लीग और सलमान खान की मराठा अरेबियंस टीम के लिए एक सेलिब्रिटी स्टार राजदूत के रूप में वैश्विक दर्शकों से जुड़ीं और सभी को अचंभित कर दिया।

जैसे-जैसे उनका प्रभाव बढ़ता गया, देवकी नंदन ठाकुर महाराज ने उन्हें गुरु पूर्णिमा पर बोलने के लिए आमंत्रित किया, एक ऐसी भूमिका जिसने सभी उम्र की महिलाओं को गहराई से प्रभावित किया। उनके मुखर जुनून ने ठाकुर जी को इशिका से दिल्ली में सनातन धर्म संसद बोर्ड में शामिल होने का अनुरोध करने के लिए प्रेरित किया, उन्हें देश के युवाओं और महिलाओं के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में देखा, जो हिंदू अधिकारों और कृष्ण जन्म भूमि की स्वतंत्रता को बढ़ावा दे।

जैसा कि देवकी नंदन ने स्पष्ट रूप से कहा, वह राधा की दिव्यता और पवित्रता का प्रतीक हैं, जिनका हृदय विशाल और स्वागत करने वाला है। निर्भया और अन्य बलात्कार पीड़ितों के लिए उनके समर्पित कार्यों में, जबकि उनकी उपस्थिति युवाओं और महिलाओं को न केवल एक मार्गदर्शक खोजने में मदद करती है, बल्कि शुद्ध, सशक्त शक्ति का प्रतिबिंब भी देती है, और कृष्ण के प्रति उनका प्रेम हमें "कृष्ण जन्म भूमि" को सुरक्षित करने में मदद करेगा।

इशिका भारत की 68% युवा आबादी को देश की सबसे बड़ी संपत्ति मानती हैं, फिर भी वे गुरुकुल संस्थानों की कमी, हिंदुओं के खिलाफ संविधान में खामियां, तिरुपति प्रसाद में पशु चर्बी तेल की मिलावट के खिलाफ कोई कार्रवाई न होना और हमारी शिक्षा प्रणाली और फिल्म बिरादरी में सनातन धर्म का गलत चित्रण को चिंताजनक कारक मानती हैं। हाल ही में 16 नवंबर 2024 को सनातन धर्म संसद के दौरान इशिका के सनातन धर्म के प्रति समर्पण को स्वीकार किया गया। बॉलीवुड की चमक-दमक से आध्यात्मिक विकास की ओर कदम बढ़ाने के उनके फैसले की एक प्रेरक उदाहरण के रूप में सराहना की गई। उनके इस बयान ने सभी को गर्व से भर दिया, मिस वर्ल्ड टूरिज्म बनने का क्या फायदा, अगर मैं हिंदुओं की रक्षा नहीं कर सकती तो इस बॉलीवुड की प्रसिद्धि का क्या फायदा, अगर मैं अपने सनातन धर्म की रक्षा नहीं कर सकती तो भारत की बेटी के रूप में जन्म लेने का क्या फायदा अगर मैं अपनी मातृभूमि की रक्षा नहीं कर सकती?"

साधु-संतों द्वारा समर्थन एवं आश्वासनः

सनातन धर्म संसद में उपस्थित सभी संत, धार्मिक नेता एवं सामाजिक नेताओं ने महाराज द्वारा उठाए गए बिंदुओं का समर्थन किया।

उनके भाषण की परम पूज्य श्री महंत रविन्द्र पुरी महाराज, जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानन्द सरस्वती, महामंडलेश्वर स्वामी रामस्वरूप दास महाराज, जैन संत लोकेश मुनि, सिख गुरु बाबा हरजीत सिंह, अनिरुद्ध महाराज एवं हैदराबाद के गोशमहल विधानसभा से विधायक टी. राजा सिंह ने भी सराहना की। ईशिका तनेजा ने आदरणीय एवं पूजनीय दीदी माँ ऋतम्बरा देवी से दिव्य आशीर्वाद प्राप्त किया तथा उन्हें मंच पर स्वागत करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इशिका ने कहा, "दीदी माँ ऋतम्बरा देवी अपनी अटूट आध्यात्मिक बुद्धि और करुणा के लिए जानी जाती हैं और उनका आशीर्वाद उन लोगों को दिया जाने वाला एक अनमोल उपहार है जो वास्तव में भाग्यशाली हैं और मैं आभारी हूँ कि मुझे यह दिव्य आशीर्वाद मिला और यह मेरी आध्यात्मिकता की यात्रा में एक पवित्र मील का पत्थर होगा"

ग्लैमरस दुनिया को छोड़कर सनातन मार्ग को अपनाना साहस का कार्य है जिसकी जनता द्वारा सराहना की जानी चाहिए। इशिका तनेजा जैसी प्रभावशाली हस्तियाँ आज के समय में हिंदुओं के खिलाफ चुनौतियों की गहराई को दर्शाती हैं और युवाओं और महिलाओं से अनुरोध करती हैं कि वे उनके साथ खड़े हों और उनके प्रयास में उन्हें शक्ति दें, क्योंकि "अभी नहीं तो कभी नहीं।"झ्र देवकीनंदन ठाकुर

# शनिवार को विद्यालय रियल इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक मेला आयोजित किया गया

**मीडिया फॉर यू, जितेंद्र शर्मा**

**मथुराः** जिसमें अनेकों तरह के प्रदर्शन विद्यार्थियों द्वारा किये गये साइंस, सोशल साइंस, गणित, हिंदी व कला संभाग के अनेकों मॉडल्स व प्रोजेक्ट्स व अनेकों गेम्स व खाने-पीने की स्टाल्स भी विद्यार्थियीं द्वारा लगाई गई लगभग 650 अभिभावकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर कीर्तिमान स्थापित कर दिया प्रवेश के लिए अनुशासन व्यस्था को देखते हुए सभी विद्यार्थियों को गेट एंट्री पास वितरित किये गए। कार्यक्रम प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक पूरे जोश-खरोश के साथ चला।




सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों के अथक प्रयासों व प्रबंधन के सहयोग से यह एक यादगार कार्यक्रम के रूप में सफल रहा सम्पूर्ण कार्यक्रम में सर्वोच्च आकर्षण के केंद्र पूनम कुंतल के नेतृत्व में बना श्री राम मंदिर व कम्प्यूटर विभाग की अध्यापिकाएं गरिमा व शिखा के नेतृत्व में रोबोटिक्स व कॉडिंग के मॉडल्स रहे। अनेकों बच्चों ने इंग्लिश सिंगिंग कर भी अभिभावकों को हाथप्रत कर दिया। सम्पूर्ण मेले की इंचार्ज दीपाली श्रीवास्तव ने पूरे कार्यक्रम को बहुत ही सुंयोजित ढंग से संभाला। डायरेक्टर पुनीत प्रजापति के अनुसार रियल इंटरनेशनल स्कूल नियमित रूप से विद्यार्थियों के विकास इस प्रकार के कार्क्रमों के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानाचार्य पंकज अग्रवाल ने सभी अभिभावकों को धन्यबाद देते हुए उनके सहयोग को सराहा व समस्त विद्यार्थियों को प्रोत्साहित कर भविष्य में आगे बढ़ते रहने के लिए भाषण दिया अंततः विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी विद्यार्थियों व अभिभावकों को जलपान कराया गया।

# धूमधाम से मनाया गया भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंगठन के जिलाध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार बलराम तिवारी का जन्मोत्सव

**मीडिया फॉर यू**

**अयोध्याः** जनपद के वरिष्ठतम ईमानदार पत्रकारों में शुमार भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंगठन के जिलाध्यक्ष बलराम तिवारी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।अयोध्या जनपद के विभिन्न तहसीलों और आसपास के अन्य जनपदों के पत्रकारों ने श्री तिवारी के जन्मोत्सव को विशेष दिन के रूप में परिवर्तित कर दिया।ज्ञातव्य है कि श्री तिवारी जनपद के वरिष्ठतम पत्रकारों में से एक हैं। बलराम तिवारी दैनिक हिंदुस्तान, अमर उजाला, आज, अमृत विचार, समाचार प्लस, भारत समाचार जैसे प्रतिष्ठित अखबारों और टीवी चैनल के लिए अपनी सेवाएं दे चुके हैं। बलराम तिवारी जी को पूर्व में अमर उजाला व अन्य दैनिक अखबारों के लिए कई जनपदों के ब्यूरो चीफ के पद को ऑफर किया गया लेकिन श्री तिवारी ने बहुत ही सहजता के साथ पद को लेने से इंकार कर दिया और पत्रकारों के हित के लिए उनकी आवाज बन करके सदैव पत्रकारों के संगठन को वरीयता दी।



इससे पहले बलराम तिवारी जी ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के वरिष्ठ पदाधिकारी रह चुके हैं। किसी भी पत्रकार साथी को कोई भी समस्या होती है, तो बलराम तिवारी सबसे पहले एक भाई, मुखिया और अभिभावक के रूप में उस समस्या के सामने खड़े मिलते हैं। उनके इन्हीं प्रति फलों का परिणाम है कि उन्हें अयोध्या जनपद सहित आसपास के जनपदों के लोग बहुत ही इज्जत और सम्मान के साथ में अपना अभिभावक सहयोगी और भाई मानते हैं।

बलराम तिवारी के जन्मोत्सव के अवसर पर सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्मों जैसे व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स और अन्य साइटों पर शुभचिंतकों ने शुभकामनाओं की कतार लगा दी। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंगठन के विभिन्न वरिष्ठ पदाधिकारी गणों ने जनपद के अलग-अलग हिस्सों में श्री तिवारी के जन्मोत्सव के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करते हुए उनके यशस्वी जीवन, उत्तम श स्वास्थ्य और दीर्घायु हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करते हुए जिलाध्यक्ष को सम्मानित किया। युवाओं ने श्री तिवारी के जन्मदिन पर सोशल मीडिया के माध्यम से अपना प्यार, दुलार व्यक्त किया। बलराम तिवारी वर्तमान समय में भारत प्रवाह समाचार पत्र के मुख्य संपादक हैं और जनपद के प्रतिष्ठत्त अखबार अमृत विचार के साथ-साथ विभिन्न समाचार पत्र पत्रिकाओं के लिए स्वतंत्र लेखन का कार्य करते हैं। बलराम तिवारी एक स्वतंत्र लेखक, संपादक और स्तंभकार है। उनके संपादकीय समय-समय पर विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं, अखबारों और शोध पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं। श्री तिवारी की सहजता, सरलता और मृदु भाषिता का हर कोई कायल है। श्री तिवारी को उनके आगामी स्वस्थ जीवन और स्वर्णिम सफलता हेतु अग्रिम शुभकामनाएं।

# अखिल भारत हिंदू महासभा ने पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार अयोध्या में शहीद कारसेवकों को दी श्रद्धांजलि और किया दीपदान

**मीडिया फॉर यू, जितेंद्र शर्मा**


**मथुराः** अखिल भारत हिन्दू महासभा द्वारा प्रदेश अध्यक्ष अनुपम मिश्रा और संगठन मंत्री राजकुमार सिंह के अनुरूप मथुरा में एक कार्यक्रम की घोषणा की गई। जिसमे शौर्य दिवस के उपलक्ष्य में अयोध्या में शहीद हुए कारसेवकों को 6 दिसंबर संध्या 6:00 बजे शहीद कारसेवकों को श्रद्धांजलि देने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मथुरा जिला अध्यक्ष ज्योति चतुर्वेदी के नेतृत्व में अयोध्या में शहीद कार सेवकों को यमुना मैया के चरणों में पुष्प अर्पित करके और दीपदान करके शहीद कारसेवकों को श्रद्धांजलि दी गई। इस विषय में प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित संजय हरियाणा ने यह बताया कि कार्यक्रम से एक दिन पहले तड़के रात्रि 1:00 बजे में ज्योति चतुर्वेदी को गिरफ्तार किया गया था जिनको होली गेट लाया गया उसके उपरांत पूछताछ करके उत्तर प्रदेश संगठन मंत्री राजकुमार सिंह और प्रदेश उपाध्यक्ष संजय हरियाणा से संतुष्ट होकर प्रशासन ने उन्हें सकुशल उनके निवास स्थान हनुमान गली उनके घर छोड़ दिया गया। शौर्य दिवस के उपलक्ष्य में जिला अध्यक्ष ज्योति चतुर्वेदी ने कहा मथुरा में 6 दिसंबर को शौर्य दिवस के रूप में मनाया जाता है, हजारों की संख्या में दीपदान और पुष्प यमुना मैया के चरणों में अर्पित सभी कार्यकताओं और पदाधिकारी ने किया है शौर्य दिवस अयोध्या में बाबरी ढांचे को ढहाने के कारण शौर्य दिवस के रूप में मनाया जाता रहा है। आज का यह कार्यक्रम बहुत सफल रहा। जिला प्रभारी उषा सोलंकी एडवोकेट ने कहा निश्चित रूप से सनातनी हिंदुओं के लिए गर्व का विषय है, कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर देखने को मिला उसके अनुरूप भविष्य में श्री कृष्ण जन्म भूमि पर भी अवैध ईदगाह परिसर पर एक मंदिर देखने को बहुत जल्द भक्तों को मिलेगा। प्रदेश मीडिया प्रभारी रजत शर्मा ने कहा दर्जनों कार्यकताओं के साथ जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में यह कार्यक्रम किया गया है। पूर्व घोषित संपूर्ण उत्तर प्रदेश में कार्यक्रम था। मथुरा में सैकड़ो की संख्या में कार्यकताओं में उपस्थित होकर दीपदान और श्रद्धांजलि दी है।



# प्रख्यात संत बालकृष्ण दास महाराज का पंच दिवसीय 107 वां जन्म महोत्सव 8 दिसम्बर से

**मीडिया फॉर यू, जितेंद्र शर्मा**

**मथुराः** वृन्दावन सेवाकुंज क्षेत्र स्थित वेणु विनोद कुंज में श्रीठाकुर वेणु विनोद बिहारी सेवा ट्रस्ट व वेणु विनोद पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में ब्रज के प्रख्यात संत बालकृष्ण दास महाराज "श्रीअलि" का पंच दिवसीय 107वाँ जन्म महोत्सव दिनांक 08 से 12 दिसम्बर 2024 पर्यंत विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मध्य अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया गया है।



ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी शिवकुमार गोयल एवं रमेशचंद्र सर्राफ ने बताया है कि इस महोत्सव के अंतर्गत 08 से 10 दिसंबर पर्यन्त प्रातः 09 बजे से मध्याह्न 12 बजे तक भागवत भास्कर, विद्वत शिरोमणि आचार्य डॉ. अच्युतलाल भट्ट महाराज के श्रीमुख से "मन की शिक्षा" सत्संग प्रवचन किया जाएगा। 10 दिसंबर को प्रातः 11 बजे संत प्रवर बालकृष्ण दास महाराज "श्रीअलि" की वाणी "नवनीत" (द्वितीय - खण्ड) का विमोचन होगा। महोत्सव के मीडिया प्रभारी डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया है कि 11 दिसंबर को प्रातः 7 बजे से महाराजश्री की प्रतिमा का पंचामृत से अभिषेक होगा।साथ ही आचार्य/भागवत पीठाधीश्वर मारूति नंदनाचार्य वागीश के आचार्यत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य उनका पूजन-अर्चन किया जायेगा।तत्पश्चात पदगायन एवं संकीर्तन का आयोजन संपन्न होगा।इसके अलावा रात्रि 10 बजे से 12 दिसंबर प्रातः 07 बजे तक वृन्दावन की प्रख्यात संकीर्तन मंडली के द्वारा "महामंत्र" का अखंड हरिनाम संकीर्तन होगा। उत्सव पर्यंत प्रतिदिन सायं 5 बजे से 7 तक भक्त-श्रद्धालु परिकर द्वारा पद गायन व संकीर्तन आदि के कार्यक्रम होंगे।इसके अलावा 13 दिसंबर को महाराजश्री के परम भक्त बालकृष्ण गुप्ता (बड़वानी) के संयोजन में नंदगांव स्थित महाराजश्री की दिव्य गुफा और श्रीअलि मंदिर में सत्संग व संकीर्तन आदि के कार्यक्रम होंगे।जिसमें सभी भक्त-श्रद्धालु सादर आमंत्रित हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### युवा समाजसेवी सोनू सरवट वाल्मीकि का बारी समाज ने माल्यार्पण करके किया स्वागत



**मीडिया फॉर यू, मुजफ्फरनगर भारतवीर प्रजापति**

मुजफ्फरनगर हमारा परिवार सेवा संस्थान (रजि०) के प्रदेश सचिव सोनू सरवट वाल्मीकि जी के द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यो में अग्रणी भूमिका निभाने पर वरिष्ट समाजसेवी सुरेश कुमार बारी के नेतृत्व मे बारी समाज ने माल्यार्पण करके स्वागत किया , प्रदेश सचिव सोनू सरवट वाल्मीकि ने कहा कि हमारा परिवार सेवा संस्थान (रजि०) के द्वारा समय समय पर सामाजिक धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम किये जा रहे हैं , जिसमे प्रदेश महासचिव अमित अग्रवाल उर्फ बंटी किनौनी जी व प्रदेश सचिव सोनू सरवट वाल्मीकि जी के मार्गदर्शन मे बहुत ही सुंदर सुंदर सामाजिक कार्य किये जा रहे हैं जिससे समाज मे आपसी सोहार्द प्यार मोहब्बत भाईचारा बढ़ता है , हमारा परिवार सेवा संस्थान (रजि०) का एक ही उद्देश्य है कि आपस में सभी धर्म जाति का सम्मान करो तभी जाकर एक साफ स्वच्छ भारत का निर्माण होगा , आज बारी समाज ने जो प्यार सम्मान दिया है उसके लिए बारी समाज का आभार व्यक्त करता हूं।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में एडीएम-ई ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया




**मीडिया फॉर यू, देवबन्द (सहारनपुर)। काजी शाहिद अहमद**

ब्लॉक सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन कर शिकायतकर्ताओं की समस्याओं का निस्तारण कराया गया। शनिवार को एडीएम-ई की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना गया। तथा दोपहर 1:00 बजे तक प्राप्त 18 शिकायतों में तीन का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए एडीएम-ई ने कहा की शिकायतकर्ता को साथ लेकर मौके पर जाएं और समस्याओं का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण तरीके से समयबद्ध रूप से करें।

## बेहतर कामो को अंजाम देने वाले बुढाना थानाप्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्रा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक ललित कुमार कसाना व उपनिरीक्षक राजदीप व उनकी टीम का एक बड़ा गुडवर्क

**मीडिया फॉर यू**
**मुजफ्फरनगर भारतवीर प्रजापति**

मुजफ्फरनगर में विभिन्न स्थानों पर तैनात रहते हुए अपनी सराहनीय सेवाएं प्रदान करने वाले एवं पुलिस का इकबाल जोरदार तरीके से मजबूत करने वाले बुढ़ाना थाना प्रभारी निरीक्षक आनंददेव मिश्रा द्वारा निरंतर सराहनीय प्रयास बुढाना कोतवाली में भी रहकर अंजाम दिए जा रहे हैं। इसी क्रम में एक ओर बेहतर काम अंजाम देते हुए बुढाना थानाप्रभारी निरीक्षक आनंददेव मिश्रा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक ललित कुमार कसाना व उपनिरीक्षक राजदीप व उनकी टीम ने अंतर्जनपदीय गिरोह के दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर वाहन चोरी के अभियोग का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्तगणो के कब्जे व निशांदेही से अवैध शस्त्र तथा नौ मोटरसाइकिल भी बरामद की है। अवगत कराना है जनपद मुजफ्फरनगर में शातिर चोर व लुटेरे अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल के निकट पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी बुढ़ाना गजेन्द्र पाल सिंह व प्रभारी निरीक्षक बुढ़ाना आनन्द देव मिश्रा के कुशल नेतृत्व में थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा दो शातिर वाहन चोर अभियुक्तगण को बुढ़ाना-कांधला मार्ग से विज्ञाना मार्ग पर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे/निशांदेही से अवैध शस्त्र तथा नौ मोटरसाइकिल बरामद की गयी। घटना का संक्षिप्त विवरण- दिनांक 29.11.2024 को वादी मेहराज पुत्र रियाज निवासी ग्राम लोई थाना बुढाना द्वारा लिखित तहरीर देकर अवगत कराया गया कि अज्ञात चोरों के द्वारा बैंकट हाल के बाहर खड़ी उनकी मोटरसाइकिल को चोरी कर लिया गया है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-491/2024 धारा 303(2) बीएनएस



पंजीकृत किया गया तथा उच्चाधिकारीगण के निर्देशन में उक्त घटना के सफल अनावरण तथा अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु थाना बुढ़ाना पर पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम आज दिनांक सात दिसम्बर 2024 को ग्राम विज्ञाना कट पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग कर रही थी इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार 02 व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये। पुलिस टीम द्वारा मोटरसाइकिल सवारों को चैकिंग हेतु रूकने का इशारा किया गया परन्तु मोटरसाइकिल सवारों द्वारा तेज गति से वापस मुड़कर भागने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम द्वारा भागने का प्रयास करने वाले अभियुक्तगण को एकबारगी दबिश देकर व आवश्यक बल प्रयोग कर गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे/निशांदेही से अवैध शस्त्र व एक खण्डहर में छिपाकर रखी गयी आठ मोटरसाइकिल (कुल 09) बरामद की गयी। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 496/2024 धारा -317(4)/318(4)/336(2) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है तथा मु0अ0सं0-491/2024 में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।गिरफ्तार अभियुक्तगण के नाम कादिर पुत्र बाबू कुरैसी निवासी निरपडा थाना दोघट जनपद बागपत हाल निवासी अशोक विहार खन्ना नगर गेट के सामने वाली गली थाना लोनी जनपद गाजियाबाद व सलमान पुत्र इस्लामुद्दीन तेली निवासी टंकी के सामने पुलिस चौकी के पास अशोक विहार थाना लोनी जनपद गाजियाबाद हैं।पकड़े गये अभियुक्तों के कब्जे से दो अवैध तमंचा मय दो जिन्दा कारतूस 315 बोर व 09 मोटरसाइकिल व दो फर्जी नंबर प्लेट भी पुलिस ने बरामद की हैं।पूछताछ का विवरण- प्रारम्भिक पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तगण द्वारा बताया कि उनका वाहन चोरी करने का एक संगठित गिरोह है जिसके द्वारा जनपद मुजफ्फरनगर तथा आस-पास के जनपदों में वाहन चोरी करने की घटनाओं को कारित किया जाता है तथा चोरी किये गये वाहनों को बेचकर अवैध आर्थिल लाभ अर्जित किया जाता है। हमारे पास से बरामद मोटरसाइकिल को हमने अपने साथी नाजिम के साथ मिलकर बडौत रोड पर स्थित एक बैंकट हाल के सामने से चोरी किया था। आज हम इस मोटरसाइकिल को एक खरीददार को बेचने के लिये जा रहे थे कि पुलिस द्वारा हमें पकड़ लिया गया।नोट- गिरफ्तार अभियुक्तगण शातिर किस्म के वाहन चोर हैं जिनके द्वारा जनपद मुजफ्फरनगर व अन्य स्थानों पर चोरी की घटनाओं को कारित किया गया है। थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा अभियुक्तगण के विस्तृत आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी की जा रही है।

## स्वरूप नर्सिंग होम पर कार्यवाही नहीं हुई तो सीएमओ ऑफिस पर करेंगे ताला बंदी मोहन प्रजापति

**मीडिया फॉर यू**
**मुजफ्फरनगर भारतवीर प्रजापति**

मुजफ्फरनगर भारतीय अति पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र पाल एडवोकेट के नेतृत्व में स्वरूप नर्सिंग होम व डॉ अमिताभ सिंघल के खिलाफ चितौड़ा निवासी सुरेंद्र प्रजापति का गलत ऑपरेशन करने के विरोध में जिला अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति ने बताया हे कि चितौड़ा निवासी सुरेंद्र प्रजापति 12अक्टूबर को पित्त की थैली का ऑपरेशन कराने के लिए जानसठ रोड पुल के नीचे स्वरूप नर्सिंग होम में भर्ती हुआ था जिसमें डॉक्ट अमिताभ सिंघल ने लापरवाही करते हुए सुरेंद्र प्रजापति का गलत ऑपरेशन कर दिया था और ऑपरेशन के दौरान सुरेंद्र के लीवर में कैची मार दी थी जिससे उसकी हालात गंभीर हो गई थी जिसके बाद सुरेंद्र प्रजापति को 20 अक्टूबर को परिजनों ने नर्सिंग होम में आकार डॉक्ट अमिताभ सिंघल का विरोध किया और मंडी थाने में डॉक्टर अमिताभ सिंघल के खिलाफ तहरीर दी ओर डॉक्टर अमिताभ सिंघल ने कहा यह अब मेरे बस का काम नहीं ओर मेरठ के लिए रेफर कर दिया और लिखित रूप में दिया की जो भी मेरठ में सुरेंद्र का उपचार का खर्च होगा पूरा वह देंगे वहीं सुरेंद्र को मेरठ में डॉक्ट मले शर्मा के यहां भर्ती कराया जिस पर करीब 6 लाख का खर्च हुआ वहीं सुरेंद्र प्रजापति गरीब मजदूर व्यक्ति हे जिसका इलाज कराने में सब कुछ बिक गया और कर्ज में परिवार डूब गया वहीं जब डॉक्टर अमिताभ सिंघल से खर्च मांगा गया तो उसने गुंडई दिखाते हुए परिजनों को धमकाकर भगा दिया वही पीड़ित परिवार न्याय के लिए दो महीने से इधर उधर भटक रहा है जिसकी वजह से डॉक्टर अमिताभ सिंघल के खिलाफ क्षेत्र व समाज में भारी रोष हे वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति ने चेतावनी दी हे कि अगर प्रशासन द्वारा एक सप्ताह के अंदर पीड़ित पर हुए उपचार के दौरान खर्च दिलाया जाए और स्वरूप नर्सिंग होम को सीज कर डॉक्ट अमिताभ सिंघल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही नहीं की गई तो सीएमओ ऑफिस व स्वरूप नर्सिंग होम पर करेंगे ताला बंदी जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी इस दौरान जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र पाल एडवोकेट, मोर्चा नेता सचिन प्रजापति, वरिष्ठ नेता सुखपाल काश्यप,जिला महासचिव विकास कश्यप एडवोकेट,युवा अध्यक्ष धीरज प्रजापति एडवोकेट, प्रभारी इंद्रमल प्रजापति, शाहिद झोझा, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश वालिया,नगर अध्यक्ष सोनू प्रजापति,अर्जुन प्रजापति, मंगता प्रजापति,नरेश पाल,राहुल प्रजापति,जोनी प्रजापति, सतपाल प्रजापति,विपुल प्रजापति, बबली प्रजापति, पूनम देवी, रामपाल सिंह, राजपाल सैनी,युवा नेता भूपेंद्र आर्य,भवर सिंह, ऋषिपाल प्रजापति ,आदि

### नगरपालिका देवबन्द द्वारा अतिक्रमणकारियों के खिलाफ चलाया गया अभियान



**मीडिया फॉर यू, देवबन्द (सहारनपुर)। काजी शाहिद अहमद**

नगरपालिका द्वारा पुलिस को साथ लेकर अस्थाई अतिक्रमण कार्यों के विरुद्ध अभियान चलाया गया तथा फिर से अतिक्रमण न करने के लिए चेतावनी दी गई।

शनिवार को नगर पालिका अधिशासी अधिकारी डॉक्टर धीरेंद्र राय के नेतृत्व में पालिका कर्मचारीयो और मंगलौर चौकी प्रभारी ने साथ मिलकर अस्थायी अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया। इस दौरान अतिक्रमण करने वालों में हड़कंप मचा रहा। रोड पर किए गए अस्थाई अतिक्रमण से कोई दुर्घटना ना हो इसके चलते प्रदेश के मुख्यमंत्री के सभी रोड़ पर से अस्थाई अतिक्रमण हटाए जाने के आदेश के बाद अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया गया। अधिशासी अधिकारी द्वारा अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी गई की यदि फिर से अतिक्रमण किया गया तो उनके खिलाफ सख़्त कार्यवाही की जाएगी।

## जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर द्वारा तहसील सदर पर किया गया सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

>> जनसमस्याओं को सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को किया गया निर्देशित



**मीडिया फॉर यू**
**मुजफ्फरनगर भारतवीर प्रजापति**

मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश शासन के निदेशों के क्रम में आज दिनांक 07 दिसम्बर 2024 को जिलाधिकारी उमेश मिश्रा व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह द्वारा तहसील सदर पर सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान अधिकारीगण द्वारा जनता की जनसमस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया तथा समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण को मौके पर जाकर शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। अधिकारीगण द्वारा समाधान दिवस में उपस्थित समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण को निर्देशित किया गया कि समाधान दिवस में आईं सभी शिकायतों की मौके पर जाकर निष्पक्ष जाँच करें एवं समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें तथा महिला अपराध सम्बन्धी शिकायतों की जाँच प्राथमिकता के आधार पर की जाए। इसके अतिरिक्त अधिकारीगण द्वारा समाधान दिवस में उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारीगण व शिकायतकताओं को साइबर अपराध एवं साइबर ठगी के सम्बन्ध में भी जागरूक किया तथा साइबर अपराध से बचने के उपायों के बारे में विस्तार से बताया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान एसडीएम सदर श्रीमति निकिता शर्मा, क्षेत्राधिकारी सदर राजू कुमार साव सहित अन्य पुलिस, प्रशासनिक एवं राजस्व विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## लोकतंत्र व संविधान को कमजोर नहीं होने देंगे सपा कार्यकर्ता: जिया चौधरी

>> समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता मिशन 2027 के लिए करें तैयारी: राकेश शर्मा




**मीडिया फॉर यू**
**मुजफ्फरनगर भारतवीर प्रजापति**

मुजफ्फरनगर समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिला अध्यक्ष जिया चौधरी की अध्यक्षता व जिला महासचिव के संचालन तथा वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में आयोजित समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक में वोट बनवाने के अभियान में कार्यकताओं से कमान संभालने का आह्वान किया गया।समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष जिया चौधरी एडवोकेट ने कहा की भाजपा सरकार तानाशाही पर चलते हुए लोकतंत्र व संविधान को कमजोर करने पर तुली हुई है इसीलिए यूपी उपचुनाव में भारी धांधली की गई है। उन्होंने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं को समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता कमजोर नहीं होने देंगे तथा उसकी मजबूती के लिए कार्यकर्ता व्यापक संघर्ष करेंगे। उन्होंने सभी कार्यकताओं से वोट बनवाने के अभियान को मजबूती से संभालने का आह्वान किया। उन्होंने सपा के पूर्व सांसद व उद्योगपति कादिर राणा के परिवार के विरुद्ध भाजपा सरकार द्वारा बदले की भावना से मुकदमे दर्ज करके उत्पीड़न की कार्यवाही करने की निंदा की।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राकेश शर्मा,प्रदेश सचिव चौधरी इलम सिंह गुर्जर ने अपने संबोधन में कहा कि समाजवादी पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता तथा लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की ऐतिहासिक जीत से भाजपा सरकार घबराकर विधानसभा उपचुनाव में भारी धांधली करके झूठी जीत से अपनी पीठ थपथपाकर जनता को धोखा नहीं दे सकती उन्होंने सभी कार्यकताओं से एकजुट होकर मिशन 2027 में सफलता के लिए जुट जाने का आह्वान किया। समाजवादी पार्टी जिला उपाध्यक्ष सोमपाल सिंह भाटी जिला मीडिया प्रभारी साजिद हसन ने कहा कि समाजवादी पार्टी के नेताओं व कार्यकताओं पर लगातार फर्जी मुकदमे व उत्पीड़न करके भाजपा सरकार कानून का मखौल उड़ा रही है। समाजवादी पार्टी इसको सहन नहीं करेगी तथा इसके विरुद्ध व्यापक आंदोलन किया जाएगा।मीटिंग को मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी विधानसभा अध्यक्ष सत्यवीर त्यागी, पंडित सत्यदेव शर्मा, अकरम खान, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह नीटू, पवन बंसल, अंकित शर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य तहसीन मंसूरी, सपा नेता सलीम मलिक, सपा जिला सचिव रमेश चंद शर्मा, हाजी इकबाल अहमद, पंकज सैनी, चौधरी मेहरबान अली,अनेश कुमार निर्वाल, बालमुकुंद ग्रेड, समाजवादी युवजन सभा राष्ट्रीय सचिव सचिन पाल समाजवादी लोहिया वाहिनी जिला अध्यक्ष टीटू पाल रमन आदि ने संबोधित किया।

मीटिंग में मुख्य रूप से सुधीर शर्मा, डॉ इसरार अल्वी, हनीफ इदरीसी, राशिद जैदी,इमलाक प्रधान, श्याम सुंदर, सभासद हसीब राणा, विशाल शर्मा, फिरोज अख्तर, डॉ अली शेर अंसारी, हुसैन राणा,मीर हसन, राज सिंह, दिलशाद मलिक, गजेंद्र प्रधान संजय कुमार सहित अनेक पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने नई मंडी का किया भ्रमण, जाना सफाई का हाल

>> ड्यूटी पर गैर हाजिर मिले सफाई कर्मचारियों के प्रति जताई कड़ी नाराजगी, एक दिन का वेतन काटने के दिए निर्देश



**मीडिया फॉर यू**
**मुजफ्फरनगर भारतवीर प्रजापति**

मुजफ्फरनगर शहरी सफाई व्यवस्था के लिए चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप शनिवार को एक बार अधिकारियों के साथ लोगों के बीच पहुंची। उन्होंने पैदल भ्रमण करते हुए कई स्थानों पर पहुंचकर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और लोगों से बातचीत भी की। इस दौरान ड्यूटी से गैर हाजिर पाये गये सफाई कर्मचारियों का वेतन काटने के निर्देश दिए।

नगरपालिका परिषद् की चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के द्वारा शहरी सफाई व्यवस्था को सुचारू और दुरूस्त करने के लिए लगातार वार्डों का निरीक्षण किया और कराया जा रहा है। शनिवार को वो एक बार फिर से पालिका सभासदों और अधिकारियों के साथ शहर में सफाई व्यवस्था का हाल जानने के लिए निकली। उन्होंने वार्ड संख्या 36 नई मंडी क्षेत्र का भ्रमण किया। यहां वो चौड़ी गली, पीठ बाजार, रेलवे स्टेशन वाली सड़क, जानसठ पुल के नीचे आदि स्थानों पर भ्रमण के लिए पहुंची। उन्होंने यहां पर सफाई नायक को तलब करते हुए सफाई कर्मचारियों की हाजिरी भी परखी। इस वार्ड में 39 कर्मचारियों में से कुछ सफाई कर्मचारी नदारद पाये गये। इसको लेकर सफाई नायक को उन्होंने निर्देश दिये कि वार्ड में सुबह और शाम दोनों समय ड्यूटी पर सभी कर्मचारी उपस्थित रहकर कार्य करें। साथ ही नगर स्वास्थ्य अधिकारी को ड्यूटी से गायब कर्मचारियों का वेतन काटने के निर्देश दिये गये। इस दौरान उनके साथ सभासद रितु त्यागी, ममता बालियान, प्रशांत गौतम, नवनीत गुप्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार, सफाई निरीक्षक प्लाक्षा मैनवाल व अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में तहसील बलरामपुर सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

>> संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने फरियादियों की सुनी शिकायतें , गुणवत्तापूर्ण ढंग से शिकायतों के निस्तारण का दिया निर्देश

>> डीएम ने सीमांकन कार्य में फर्जी रिपोर्टिंग पर लेखपाल को प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने का दिया निर्देश



**मीडिया फॉर यू देवीपाटन मंडल प्रभारी निसार अहमद उस्मानी**

**बलरामपुर ,** माह के पहले शनिवार पर डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में तहसील बलरामपुर सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। इस दौरान डीएम द्वारा जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण निर्धारित समयावधि के भीतर किए जाने को निर्देशित किया गया। इस दौरान डीएम ने लेखपाल क्षेत्र धामपुर महावीर नाथ को सीमांकन कार्य में फर्जी रिपोर्टिंग पर प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कड़ी चेतावनी दी कि शिकायतें के निस्तारण में गलत रिपोर्टिंग पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान एसडीएम सदर संजीव कुमार यादव व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें। तहसील तुलसीपुर में मंडलायुक्त एवं डीआईजी देवीपाटन मंडल की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन तहसील तुलसीपुर में मंडल आयुक्त देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील एवं डीआईजी अमित पाठक की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ , इस दौरान उनके द्वारा शिकायतों को सुना गया एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया !

# प्रतिदिन प्रतिबंधित पेड़ों की चढ़ाई जा रही है बली, वन विभाग सोया हुआ है

**मीडिया फॉर यू**
**बिजनौर: अतीक अहमद**

चांदपुर जिला बिजनौर के नगीना से सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रेंज क्षेत्र के ग्राम नियामतपुर में प्रतिबंधित हरे भरे जामुन के पेड़ों का कटान किया गया है दिन प्रतिदिन नगीना रेंज में प्रतिबंधित पेड़ों की बलि चढ़ा दी जाती है वन विभाग कुंभकरण की नींद सोया हुआ नजर आ रहा है ऐसा लग रहा है जैसा कि वन विभाग की मिलीभगत से प्रतिबंधित पेड़ों का कटान किया जा रहा है पूर्व में भी नगीना रेंज क्षेत्र में हरी भरी शीशम के पेड़ों का कटान किया गया था जिस पर कोई भी कार्यवाही नहीं की गई थी बल्कि वन विभाग की ओर से कैस काटने का हवाला दे दिया गया था सूत्रों के अनुसार परंतु सवाल यह बनता है कि सरकार की ओर से हरी-भरी शीशम काटने पर दंडय अपराध माना जाता है जो की वन विभाग इस तरह की कोई भी कार्यवाही लकड़ी माफियाओं पर नहीं करता है बल्कि लकड़ी माफियाओं को बढ़ावा दे देता है जिससे लकड़ी माफियाओं के हौसले बुलंद हो जाते हैं और वह धड़ल्ले से प्रतिबंधित पेड़ों का कटान कर देते हैं नगीना रेंज वन विभाग को सूचना देने पर भी वन विभाग मौन साधे हुए बैठे जाता है और किसी तरह की कोई भी कार्यवाही नहीं करता है सूत्रों के अनुसार हाल ही में ऐसा ही एक मामला ग्राम पंचायत नियामतपुर का सामने आया है जहां पर प्रतिबंधित हरी भरी जामुन के पेड़ों का कटान किया गया है सरकार के प्रतिबंध लगाने के बावजूद भी नगीना रेंज में प्रतिबंध पेड़ों का कटान धड़ल्ले से कर दिया जाता है सूत्रों के अनुसार पत्रकारों के सूचना देने के बाद भी 3 दिन बीत जाने के बाद भी प्रतिबंधित पेड़ों का कटान करने वाले ठेकेदारों पर किसी तरह की कोई भी कार्यवाही नहीं की गई बल्कि पत्रकारों को ठेकेदार से मिलने का हवाला फोन पर वन विभाग ने दिया आखिरकार वन विभाग ठेकेदारों से मिलकर पत्रकारों को क्या साबित करना चाहता है क्या पत्रकार को भी ठेकेदार की साथ में मौन करना चाहता है यह तो एक सवाल बनता है अगर वन विभाग की ओर से लकड़ी माफियाओं पर शिकंजा कस्ते कड़ी कार्यवाही की जाए तो लकड़ी माफियाओं के दिलों में भय का माहौल पैदा हो जाएगा और प्रतिबंधित पेड़ों को काटने के लिए सोचने पर मजबूर हो जाएंगे बल्कि ऐसा नहीं किया जाता है और लकड़ी माफियाओं को बढ़ावा दे दिया जाता है वन विभाग की ओर से पत्रकारों को कैस काटने का हवाला दे दिया जाता है आखिरकार ऐसे अधिकारियों पर बिजनौर के आलाधिकारी कब कार्यवाही करेंगे या अधिकारियों से मिलकर मामले को आनन फानन कर बंदर बटवारा कर लिया जाएगा या ऐसे अधिकारियों पर कार्यवाही की जाएगी या नहीं





## संक्षिप्त समाचार

### तीसरे सप्ताह में लिखित परीक्षा ली जाएगी: नेहा पाण्डेय

**मीडिया फॉर यू, बिजनौर: अतीक अहमद**

चांदपुर जिला बिजनौर के अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नेहा पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि हज कमेटी ऑफ इण्डिया के सर्कुलर-15 के द्वारा हज यात्रियों को प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु प्रशिक्षकों के चयन हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गए है जिसकी अंतिम तिथि 13 दिसम्बर 2024 है150 हज आवेदकों पर 1 प्रशिक्षक का चयन किया जाएगा प्रशिक्षक हेतु आयु 30 नवम्बर 2024 को 25 वर्ष से कम व 60 वर्ष से अधिक ना हो हज कमेटी दिसम्बर माह के तीसरे सप्ताह में लिखित परीक्षा ली जाएगी तथा चयनित प्रशिक्षकों को दिल्ली में जनवरी 2025 के प्रथम सप्ताह में प्रशिक्षण दिया जाना प्रस्तावित है आवेदन करने हेतु गत 5 वर्षों में हज किया होना अनिवार्य है प्रशिक्षक को अंग्रेजी हिन्दी एवं उर्दू भाषा समझने व बोलने में निपुण हो शारीरिक रूप से एवं मानसिक रूप से पूर्ण स्वस्थ हो कम्प्यूटर की जानकारी हो तथा भीड़ को सम्बोधित करने एवं नियंत्रित करने की क्षमता हो आवेदक के विरूद्ध कोई भी आपराधिक रिकार्ड होने की दशा में उसका चयन नहीं किया जाएगा प्राप्त आवेदन पत्रों के आधार पर अभ्यार्थियों का साक्षत्कार राज्य हज समिति अथवा जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा जिला स्तर पर लिया जाएगा अतः हज यात्रियों को प्रशिक्षण देने हेतु प्रशिक्षकों के चयन के लिये इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 13 दिसम्बर 2024 तक हज कमेटी ऑफ इण्डिया की वेबसाइट पर ऑन लाईन आवेदन कर सकते है

### थाना गोवर्धन पुलिस द्वारा बलात्कार के अभियोग में वाछिंत एक अभियुक्त गिरफ्तार




**मीडिया फॉर यू, जितेंद्र शर्मा**

**मथुरा:** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मथुरा द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी गोवर्धड्ड के निकट पर्यवेक्षण में एवं प्रभारी निरीक्षक थाना गोवर्धन के कुशल नेतृत्व में थाना गोवर्धन पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा बीएनएस में वाछिंत अभियुक्त रूपकिशोर पुत्र मोहनलाल निवासी कंचनपुरा सकरवा थाना गोवर्धन जनपद मथुरा को आज दिनांक 07 दिसंबर को मुखविर की सूचना पर सकरवा रेलवे क्रासिंग के पास से किया गिरफ्तार । गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी

### वी ने लॉन्च किया सुपर हीरो प्रीपेड प्लान

**मीडिया फॉर यू**

**वाराणसी:** आज के दौर में इंटरनेट बेहद जरूरी हो गया है कम्युनिकेशन हो या पढ़ाई, काम हो या मनोरंजन, बिना किसी रूकावट के डेटा सबसे जरूरी चीज बन चुका है। उपभोक्ताओं को सहज एवं चिंतामुक्त डिजिटल अनुभव प्रदान करने के लिए भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने आज सुपर हीरो प्लान की घोषणा की है, यह प्लान भारत के प्रीपेड उपभोक्ताओं के लिए लाया गया है। उपभोक्ताओं में डेटा की बढ़ती खपत को देखते हुए कंपनी सुपर हीरो प्लान की पेशकश लेकर आई है, ताकि वे डेटा की चिंता किए बिना डिजिटल का सहज एवं अधिकतम अनुभव पा सकें। इस प्लान के साथ प्रीपेड उपभोक्ता रात के 12 बजे से दोपहर के 12 बजे तक यानि आधे दिन के लिए अनलिमिटेड डेटा के फायदे पा सकते हैं। वी आज के डेटा-सेवी युवाओं के लिए यह प्लान लेकर आया है, जो पहले से वी के सफल हीरो प्लान का लाभ उठा रहे हैं। साथ ही यह प्लान महिलाओं की जरूरतों को भी पूरा करेगा, जो अक्सर सुबह के समय अधिक डेटा का इस्तेमाल करती हैं।

### साई लाइफ साइंसेज लिमिटेड का इक्विटी शेयरों का आरंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव 11 दिसंबर को खुलेगा

**मीडिया फॉर यू**

**वाराणसी:** साई लाइफ साइंसेज लिमिटेड साई लाइफ" या कंपनी बुधवार 11 दिसंबर 2024 को इक्विटी शेयरों ऑफर के अपने आरंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव के संबंध में बोलीऑफर अवधि खोलने का प्रस्ताव करती है इस ऑफर में कंपनी द्वारा 9,500 मिलियन तक के इक्विटी शेयरों का एक नया इश्यू ताजा इश्यू और कंपनी के कुछ मौजूदा शेयरधारकों बिक्री करने वाले शेयरधारक द्वारा 38116934 इक्विटी शेयरों बिक्री के लिए ऑफर की बिक्री की पेशकश शामिल है कुल ऑफर आकार कंपनी ने शुद्ध आय का उपयोग कंपनी द्वारा लिए गए सभी या कुछ बकाया उधारों के पूर्ण या आंशिक रूप से पुनर्भुगतान पूर्व भुगतान के लिए करने का प्रस्ताव किया है, जिसकी अनुमानित राशि 7200 मिलियन है और शेष राशि सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य के लिए उपयोग की जाएगी।

## सशस्त्र सेना झंडा दिवस के रूप में मनाया गया: अनिल कुमार गुप्ता

**मीडिया फॉर यू**
**बिजनौर: अतीक अहमद**

चांदपुर जिला बिजनौर के जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन आई एन अनिल कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत वर्षों की भाति इस वर्ष भी दिनांक 7 दिसम्बर 2024 को सशस्त्र सेना झंडा दिवस के रूप में मनाया गया उन्हानें ने कहा कि सभी को विदित है कि इस मद में एकत्र किया गया धन हमारी सशस्त्र सेनाओं में सेवारत पूर्व सैनिकों एवं दिवंगत सैनिकों की पत्नियों तथा उनके आश्रितों की सहायता व कल्याण कार्यों के लिए उपयोग में लाया जाता है जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी बिजनौर को उनके आवास पर झंडा लगाकर शुभारंभ किया उसके पश्चात पुलिस अधीक्षक महोदय को झंडा लगाया जिला सैनिक कल्याण अधिकारी के सौजन्य से एन०सी०सी० धामपुर चांदपुर नजीबाबाद नगीना तथा बिजनौर में भी एन०सी०सी० कैडेट्स तथा जनपद के पूर्व सैनिकों कर्नल हर्ष निधि अरविन्द कुमार वर्मा केशव सिंह चंद्रभान सिंह वीरेन्द्र बिष्ट नरेन्द्र सिंह ने झंडा दिवस मनाने में काफी सहयोग किया तथा धन एकत्रित किया हमारी सेनाए संसार की सेनाओं में सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है हमारी सेनाओं का अदम्य साहस विश्व में उदाहणीय है जिस कारण हम सभी देशवासी निश्चिन्त होकर जीवन यापन कर रहें है अत हम देशवासियों का भी कर्तव्य हो जाता है कि सैनिकों व उनके परिवारों की सहायता के लिए हर संभव प्रयास करें और उन्हें तनिक भी एहसास ना होने दें कि हम उनके प्रति उदासीन है उन्होंने कहा कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस एक ऐसा शुभ अवसर है जब हम अपने छोटे से योगदान से अपने प्रिय वीर सैनिकों व उनके परिवारों के प्रति आभार प्रकट कर सम्मान प्रदर्शित कर सकते है अतः जनपद के सभी सरकारी अर्द्ध सरकारी विभागों संस्थाओं तथा समस्त नागरिकों से अनुरोध करता हू कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर अधिक से अधिक दान देकर योगदान प्रदान करें सरकार द्वारा वर्ष 2018 से अब तक रू० 900 करोड़ की धनराशि भूतपूर्व सैनिकों उनके आश्रितों पर विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना पुत्री की शादी शैक्षिक ग्रांट आदि पर खर्च की जा चुकी है दान करने के लिए चैक डिमांड ड्राफ्ट जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास बिजनौर में जमा कराए दान धनराशि की रसीद जिला सैनिक कल्याण कार्यालय से अवश्य प्राप्त कर ले



## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए फूड प्रोसेसिंग कोर्स की शुरूआत ग्राम प्रधान रमेश जयसवाल द्वारा की गयी



**मीडिया फॉर यू, बाराबंकी संवाददाता अशरफ अली**

**बाराबंकी।** आदर्श ग्राम पंचायत चंदवारा मे प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के द्वारा संचालित लाइवलीहुड कार्यक्रम के तहत गांव की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए फूड प्रोसेसिंग को कोर्स की शुरूआत ग्राम प्रधान रमेश जयसवाल द्वारा की गयी। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाने एव हुनरमंद बनाने के लिए प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत महिलाओं को फूड प्रोसेसिंग का कोर्स संचालित किया जा रहा है । इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को बाजार मांग के अनुसार, फूड प्रोसेसिंग का प्रशिक्षण प्रदान करना एवं उनको बाजार से जोड़कर आत्म निर्भर बनाना हैं । जिसमें केक, पिज्जा, मोमोज, पानी पूरी बनाना आदि शामिल हैं । इस कार्यक्रम को संचालित होने में ग्राम प्रधान रमेशचन्द्र जयसवाल व प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन की तरफ से लाइवलीहुड कोऑर्डिनेटर दीपक यादव, भूपसिंह, हिमांशू त्रिवेदी, कृष्णचन्द्र सिंहअदनान खान,संजय श्रीवास्तव,रीतू, मोहित कुमार व मास्टर ट्रेनर दामिनी, बब्लू आदि उपस्थित रहे।

## पीबीपार्टनर्स ने वाराणसी में अपने पहले एक्सपीरियंस सेंटर के लॉन्च के साथ उत्तर प्रदेश में अपना विस्तार किया

**मीडिया फॉर यू**

**वाराणसी:** पॉलिसी बाजार के पीओएसपी खंड, पीबीपार्टनर्स ने हाल ही में वाराणसी में अपने पहले एक्सपीरियंस सेंटर का उद्घाटन किया इस उद्घाटन कार्यक्रम में पीबीपार्टनर्स के को-फाउंडर ध्रुव सरीन मोटर इंश्योरेंस बीयू के नेशनल सेल्स हेड अमित भदोरिया ने हिस्सा लिया

उनके साथ इस कार्यक्रम में एजेंट पार्टनर्स वाराणसी सेल्स टीम और कई बीमा पार्टनर्स ने भी हिस्सा लिया इस समारोह का शुभारंभ रिबन काटकर और दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम के साथ किया गया इस मौके पर को-फाउंडर ध्रुव सरीन ने कहा वाराणसी में हमारे एक्सपीरियंस सेंटर का उद्घाटन उत्तर भारत में हमारे विस्तार की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है हमारा लक्ष्य अपने एजेंट पार्टनर्स को सशक्त बनाना है जिसमें ये एक्सपीरियंस सेंटर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं हमें विश्वास है कि यह उपलब्धि पीबीपार्टनर्स को और बड़ी सफलता की ओर ले जाएगी हम अपनी स्थापना से ही भारत के हर कोने में बीमा पहुँचाने के मिशन पर काम कर रहे हैं हम अपने एजेंट पार्टनर्स को संतुष्टि प्रदान करने और उनके पूरे सफर में आवश्यक संसाधन व मार्गदर्शन प्रदान करते रहने के लिए समर्पित हैं पी. बी पार्टनर्स के भारत में लगभग 20 एक्सपीरियंस सेंटर हैं जिनमें से 2 उत्तर प्रदेश में स्थित हैं ये सेंटर एजेंट पार्टनर्स और पीबीपार्टनर्स की व्यापारिक टीमों के बीच बातचीत का एक मंच प्रदान करते हैं यहाँ पूरे देश और विशेषकर अपने-अपने क्षेत्रों में विस्तार की रणनीतियों पर विचार किया जाता है इन सेंटर्स में जानकारी और विशेषज्ञता के आदान-प्रदान की सुविधा मिलती है ताकि एजेंट पार्टनर्स के कौशल और ज्ञान में वृद्धि हो पीबीपार्टनर्स के उत्तर प्रदेश में 21,801 एजेंट पार्टनर काम कर रहे हैं, जिनमें से 3,457 एजेंट महिलाएं और 18,344 एजेंट पुरुष हैं वाराणसी में पहले एक्सपीरियंस सेंटर के साथ पीबीपार्टनर्स उत्तर भारत में विस्तार करते हुए अपने कदम मजबूत बना रहा है अपने लक्ष्य की दिशा में चलते हुए अपने एजेंट पार्टनर्स की जरूरतों पर केंद्रित रहती है एजेंट पार्टनर्स का सहयोग करने और उनका विश्वास मजबूत करने के लिए ये एक्सपीरियंस सेंटर नियमित तौर से शुरू किए जाते हैं पीबीपार्टनर्स लगातार अपने विस्तार को जारी रखे हुए है, कंपनी अपने एजेंट पार्टनर्स को सशक्त बनाने और पूरे भारत में बीमा को सुलभ बनाने के अपने मिशन के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है पीबीपार्टनर्स को विश्वास है कि नया एक्सपीरियंस सेंटर देश भर में कंपनी द्वारा अधिक से अधिक लाभ कमाने के अपने देश व्यापी लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक होगा।



## एक मुश्त समाधान योजना का लाभ विद्युत उपभोक्ताओं तक पहुंचने के लिए निकल गई जागरूकता रैली

**मीडिया फॉर यू**
**बाराबंकी: अशरफ अली**

बाराबंकी बिजली बिल बकाएदारों के लिए सरकार द्वारा एक मुश्त समाधान योजना चलाई जा रही है इसी क्रम में आज विद्युत वितरण खंड प्रथम बाराबंकी की ओर से बाराबंकी के जहांगीराबाद कस्बे में इस योजना का लाभ विद्युत उपभोक्ताओं को पहुंचाने के लिए जागरूकता रैली जे ई शशिकांत कटियार की अध्यक्षता में निकली गई जहांगीराबाद कस्बे से लेकर आसपास में उपभोक्ताओं को बैनर पोस्टर और अनाउंसमेंट के माध्यम से जागरूक किया गया सरकार की इस योजना का लाभ उठाएं जिसमें 5000ड्ड से कम वाले विद्युत बिल बकायेदार है उनके लिए 100% ब्याज की छूट है ओ टी एस कराकर इस योजना का लाभ उठाएं योजना का लाभ उठाने के लिए तीन चरणों में पैसा जमा किया जा सकता है प्रथम चरण 15/12/ 2024 से लेकर 31/12/2024 तक है और दूसरा चरण 01/01/2025 से लेकर 16/01/2025 तक है तथा तीसरा चरण 17/01/2025 से लेकर31/01/2025 तक रहेगा जो सभी उपभोक्ता इस योजना का लाभ आसानी से ले सकते है आसान किस्तों में पैसा जमा कर सकते हैं


जे ई शशिकांत कटियार ने बताया विद्युत वितरण खंड प्रथम बाराबंकी के जे ई शशिकांत कटिहार ने बताया की सरकार द्वारा लाई गई एक मुस्त समाधान योजना सभी विद्युत उपभोक्ताओं के लाभकारी है ड्ड5000 तक के बिजली बिल बकाया दारों के लिए 100% ब्याज की छूट है ज्यादा से ज्यादा उपभोक्ताओं को इसका लाभ लेना चाहिए



## आमने-सामने से बाइक की भिड़ंत में दो युवा गंभीर रूप से घायल

**मीडिया फॉर यू**
**बाराबंकी: अशरफ अली**

बाराबंकी के जहांगीराबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत सदरूद्दीन पुर रोड पर अटवा कब्रिस्तान के निकट आमने-सामने से दो बाइकों की भिड़ंत हो गई जिसमें दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए घायल युवकों को उपचार के लिए थाना जहांगीराबाद पुलिस व मौके पर पहुंचे परिजनों ने अपने निजी वाहन से दोनों चोटिल व्यक्तियों को जिला अस्पताल बाराबंकी भेजा है जहांगीराबाद की ओर से सदरूद्दीन पुर की तरफ जा रहे हैं मोहम्मद सद्दाम पुत्र आजम निवासी शाहवपुर थाना मसौली कपड़ा बेचने के लिए सदरुद्दीनपुर की ओर जा रहे थे तभी सदरूद्दीन पुर की तरफ से आ रहे हैं रामजी चौरसिया पुत्र दिलीप कुमार चौरसिया निवासी सदरुद्दीनपुर की दोनों मोटरसाइकिल आमने-सामने से भिड़ गई जिसमें दोनों को गंभीर चोटें आई हैं मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस जहांगीराबाद ने दोनों के घर वालों को सूचना देकर एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए बाराबंकी भेज रहे थे तभी दोनों के परिवार जनों ने आकर अपने निजी वाहन से इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए घटना सुबह 9:45 की बताई जा रही है थाना प्रभारी ने बताया इस संबंध में थाना प्रभारी अभय मौर्य ने बताया दोनों चोटीलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है और दोनों बाइकों को कब्जे में लेकर आगे की विधि करवाई जा रही है मामला आमने-सामने से भिड़ंत का है जिससे दोनों व्यक्तियों के पैर में गंभीर चोटें आई है आगे की विधि कार्रवाई की जा रही है




## कलर्स का ह्यबिग बॉस 18: शालिनी पासी ने कहा, अगर मुझे दोबारा घर में कदम रखने का मौका मिला, तो मैं चाहूंगी कि नीलम कोठारी मेरे साथ शामिल हों

**मीडिया फॉर यू**

**वाराणसी:** कलर्स के ह्यबिग बॉस 18ह्व में शालिनी पासी के आने से बेहतरीन माहौल बन गया है। नाखुशी शालिनी की बेदाग त्वचा पर असर डालती है, जैसा कि वह हमेशा दावा करती हैं, और इसीलिए अनसुलझे झगड़ों से भरे घर में जाना इस दीवा के लिए हर तरह से एक साहसी कदम है। इस प्रसिद्ध आर्ट कलेक्टर, समाजसेवी, और फैशन आइकन ने शानदार मेहमान की भूमिका निभाई, और अपनी सिग्नेचर व ड्रामैटिक सुंदरता से घर के सदस्यों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपने वायरल वन-लाइनर्स और प्रतिष्ठित मीम्स के लिए प्रसिद्ध, शालिनी बेहद तनाव भरे माहौल में एक चंचल उत्साह लेकर आईं। खुद से प्यार करने, बेदाग त्वचा, और आकर्षक लगने वाले विख्यात फैशन के प्रति अपने गहन जुनून के साथ, उन्होंने घर की लड़कियों के साथ मिलकर काम किया। उनके रानी जैसे आकर्षण की मदद से, महिलाओं ने लड़कों से घर का सारा काम करवाया, जबकि वे सभी हंसी-मजाक, स्टाइल टिप्स और खुद की देखभाल जैसी बातों पर संलग्न रहीं, और यह सीधे तौर पर किसी ग्लैमरस रिट्रीट की तरह था। अपनी आइकॉनिक पर्सनालिटी के अनुरूप, शालिनी ने हर साधारण गतिविधि को देखने योग्य बना दिया, और सभी को अपने (पूरी तरह से मैनीक्योर किए हुए) हाथों से खाना खिलाया। घर के हंगामों की गवाह बनने के बाद, यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या शालिनी पासी को ह्रलोगों की बजाय चीजेंह्व पसंद आती रहेंगी इस घर में रात बिताने के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए, शालिनी ने कहा, ह्लमैं शायद ही कभी टेलीविजन देखती हूं लेकिन एक दिन के लिए किसी टेलीविजन शो का हिस्सा बनना मेरी ज़िंदगी के सबसे अच्छे अनुभवों में से एक था।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, नीरज कुमार गुप्ता ने मैं0 मोनेक्स ऑफसेट एस डी कांप्लैक्स निकट एमएमजी अस्पताल जी टी रोड, गाजियाबाद से मुद्रित कराकर बी 10/6 उमेश पार्क, मोदीनगर, जिला गाजियाबाद से प्रकाशित किया। सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र गाजियाबाद न्यायालय होगा। मोबाइल नं. 9870629696 संपादक नीरज कुमार गुप्ता